Title: Need for early setting up of a firing range in Rajauli region of Nawada district in Bihar and Jharkhand borders -Laid.

डॉ. संजय पासवान (नवादा) : अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अधीन आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार के नवादा जिले में फायरिंग रेंज स्थापित करने की प्रक्रिया रक्षा मंत्रालय में लंबित है इस ओर आकर्ति करना चाहता हूं। उस क्षेत्र के आतंकवाद से निपटने में एवं बिहार, झारखंड दोनों राज्यों को आतंकवाद से मुक्त करने हेतु फायरिंग रेंज की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी।

अतः मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि बिहार झारखंड के बांदा स्थित बिहार राज्य के नवादा जिले के रजौली अनुमंडल की पहाड़ियों में अविलम्ब फायरिंग रेंज स्थापित की जाए।